ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को निदेशानुसार सूचित किया जाता है कि ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय परिसर स्थित निम्नलिखित सरोवर/तालाबों की बन्दोवस्ती अगले एक वर्ष के लिए क्रय–विक्रय उपसमिति के समक्ष दिनांक 21.03.2025 को अपराहन् 1:00 बजे मुख्य प्रशासनिक भवन के सभागार में आम खुला डाक के माध्यम से की जाएगी।

इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्त्तो के पालन के उपरान्त उपर्युक्त तिथि को डाक में भाग ले सकते है:–

ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय परिसर स्थित तालाबों की सूची:–

क्रम सं0	सरोवर/तालाबों का नाम	न्युनतम निर्धारित मूल्य	अग्रधन राशि	बन्दोवस्ती अवधि
1.	महारानी अधिरानी कामसुन्दरी सरोवर (नरगौना तालाब) **सैरात सं0–01**	2,47,500/- प्रति वर्ष	24,750/-	एक वर्ष
2.	कविकोकिल विद्यापति सरोवर (मनोकामना तीनकोनियाँ) **सैरात सं0–02**	82,500/- प्रति वर्ष	8250/-	एक वर्ष
3.	भामती वाचस्पति सरोवर (नरगौना नहर मोठ) **सैरात सं0–03**	1,76,110/- प्रति वर्ष	17,611/-	एक वर्ष
4.	फनीश्वरनाथ रेणु सरोवर–मोतीमहल (मोतीमहल चिड़ियाखाना) **सैरात सं0–04**	1,23,310/- प्रति वर्ष	12,331/-	एक वर्ष
5.	यात्री नागार्जून सरोवर (मोतीमहल पश्चिमी जाठ) **सैरात सं0–05**	82,610/- प्रति वर्ष	8261/-	एक वर्ष
6.	शहीद सूरज नारायण सिंह सरोवर (मोटरगैरेज डबरा) **सैरात सं0–07**	27,720/- प्रति वर्ष	2772/-	एक वर्ष
7.	दरभंगी खँा सरोवर (डब्ल्यू. आई.टी. परिसर तालाब) **सैरात सं0–10**	35,750/- प्रति वर्ष	3575/-	एक वर्ष
8.	शैलेश दीनाभद्री सरोवर (अस्तबल एरिया तालाब) **सैरात सं0–11**	45100/- प्रति वर्ष	4510/-	एक वर्ष
9.	कॉमरेड भोगेन्द्र झा सरोवर (लालबाग गेस्ट हाउस तालाब) **सैरात सं0–09**	2,10,100/- प्रति वर्ष	21,010/-	एक वर्ष

1. सभी सरोवर/तालाबों की बन्दोवस्ती अलग–अलग की जाएगी। इस हेतु सभी सरोवरों/तालाबों का न्यूनतम मूल्य एवं अग्रधन की राशि अलग–अलग निधारित की गई है।
2. इच्छुक व्यक्ति एक या अन्य सभी सरोवर/तालाब की बन्दोवस्ती में भाग ले सकते है। इसके लिए आवेदनकर्त्ता को सरोवर/तालाब के लिए अलग–अलग आवेदन के साथ अग्रधन की राशि का बैंक ड्राफ्ट जो **कुलसचिव, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय के नाम से होगा आधारकार्ड के छाया प्रति के साथ** दिनांक 08.03.2025 से लेकर 18.03.2025 तक कुलसचिव के कार्यालय में अपराहन् 4:00 बजे तक जमा करना होगा। उक्त तिथि के बाद किसी व्यक्ति के आवेदन पर कोई विचार नही होगा।

3. विधिवत् रूप से आवेदन प्रस्तुत करने वाले इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 21.03.2025 को क्रय–विक्रय उप–समिति के समक्ष आम/खुला डाक में भाग लेना होगा। आम/खुला डाक में सम्मिलित होने की अनुमति उक्त समिति द्वारा दी जायगी।
4. आम/खुला डाक में इच्छुक व्यक्तियों को सरोवरों/तालाबों के नाम निर्धारित न्यूनतम राशि से अधिक की बोली लगानी होगी। सबसे अधिक बन्दोवस्ती राशि की बोली लगाने वाले इच्छुक व्यक्ति के नाम सरोवर/तालाब की बन्दोवस्ती समिति की अनुमति से की जायगी।
5. सफल डाक बक्ता को डाक बोली की राशि में अग्रधन की राशि समायोजित कर शेष राशि तीन दिनों के अन्दर विश्वविद्यालय कोष में जमा करना होगा। अन्यथा नहीं जमा करने की स्थिति में अग्रधन की राशि जप्त करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त डाक बक्ता के नाम बन्दोवस्ती की जाएगी।
6. प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी कारणों से होने वाली क्षति की पूर्ति विश्वविद्यालय स्तर से अनुमान्य नहीं होगा।
7. सरोवर/तालाब को भिंडा सहित जल जातिय घास, जंगली घास से मुक्त रखना होगा।
8. सरोवर/तालाब से मछली मारने के क्रम में जहर/विष का उपयोग करने पर सख्त पाबंदी रहेगी।

अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी समय बिना कारण बताये सफल डाक वक्ता के आवंटन को स्थगित/निरस्त/संशोधित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से,

ह0/–

कुलसचिव

ज्ञापांक : Est. 5171-78/25 दिनांक : 07/03/2025

प्रतिलिपि प्रेषित

(1) निविदा आमंत्रण सूचना प्रसारण के लिए सार्वजनिक स्थलों पर चिपकाने हेतु ;
(2) जिला पदाधिकारी, दरभंगा को सूचनार्थ एवं सूचनापट्ट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित;
(3) नगर आयुक्त, नगर निगम, दरभंगा को सूचनार्थ एवं सूचनापट्ट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित.
(4) अंचलाधिकारी, सदर दरभंगा;
(5) विकास पदाधिकारी, ल0 ना0 मिथिला वि0वि0, दरभंगा को विश्वविद्यालय के बेबसाइट पर डलवाने हेतु;
(6) जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, दरभंगा को सूचनार्थ एवं सूचनापट्ट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित;
(7) कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

Anp 07/03/2025

कुलसचिव

7/3/25